**सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 12 अप्रैल, 2019 को सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्तः**

**उपस्थितिः**

1. **श्री भुवनेश कुमार, आई0ए0एस0** — अध्यक्ष
   सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ

2. **श्री मदन राजा मौर्या,** — सदस्य
   संयुक्त निदेशक,
   कोषागार उ0प्र0 एवं प्रतिनिधि
   प्रमुख सचिव, वित्त विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ

4. **प्रो0 सुबोध वैरिया,** — सदस्य
   प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग
   आई0ई0टी0, लखनऊ

5. **प्रो0 नीलम श्रीवास्तव,** — सदस्य
   निदेशक
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

सर्वप्रथम निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**02:01 वित्त समिति की दिनाँक 16.07.2018 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनॉक 16–07–2018 को सम्पन्न हुई द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये वित्त समिति द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

**02:02 वित्त समिति की दिनाँक 16.07.2018 को सम्पन्न हुयी प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनॉक 16–07–2018 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से वित्त समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल वास्तविक आय रू0 1120.07 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2019–20 में सम्भावित आय रू0 1250.70 लाख के प्रस्ताव का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**02:03 वित्तीय–वर्ष 2018–19 का वास्तविक एवं 2019–20 हेतु प्रस्तावित व्ययनुमान।**

वित्तीय वर्ष 2018–19 में अनुमोदित बजट के सापेक्ष किये गये वास्तविक व्यय रू0 837.96 लाख तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2019–20 में रू0 908.75 लाख के प्रस्तावित मदवार व्यय की व्याख्यात्मक टिप्पणियों का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा संलग्न तालिका–1 के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया।

तालिका–1 (रू० लाख में)

| मद सं० | विवरण | 2018–2019 अनुमोदित धनराषि | वित्तीय वर्ष 2018–19 का वास्तविक व्यय | 2019–20 के लिए स्वीकृत धनराषि |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | राजस्व व्यय | | | |
| 01 | वेतन एवं भत्तों पर व्यय<br>(अ) शैक्षणिक पद | 227.40 | 216.10 | 309.30 |
| | (ब) शिक्षणेत्तर कर्मचारी (आउट सोर्सिंग) | 126.00 | 123.00 | 145.00 |
| 02 | यात्रा–भत्ता व्यय | 2.00 | 1.22 | 3.00 |
| 03 | मानदेय | 3.00 | 0.66 | 2.00 |
| 04 | कार्यालय व्यय | 10.00 | 6.38 | 15.00 |
| 05 | कान्फ्रेन्स / सेमीनार / एफ0डी0पी0 | 8.00 | 1.76 | 3.00 |
| 06 | विद्युत देय | 55.00 | 47.83 | 60.00 |
| 07 | लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई | 2.00 | 1.94 | 3.00 |
| 08 | कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 10.00 | 9.97 | 25.00 |
| 09 | टेलीफोन पर व्यय | 1.00 | 0.76 | 22.50 |
| 10 | बस किराया | 2.00 | 0.29 | 2.00 |
| 11 | गाड़ियों का अनुरक्षण / पेट्रोल, डीजल आदि | 3.00 | 2.57 | 4.50 |
| 12 | आंतरिक सम्प्रेक्षा (सी0ए0 आडिट) | 0.70 | 0.39 | 0.45 |
| 13 | विधिक / विविध सेवाओं पर व्यय | 4.00 | 0.00 | 1.00 |
| 14 | परामर्शदात्री सेवा फीस / चयन समिति के सदस्यों एवं विशेषज्ञों का मानदेय | 2.00 | 0.18 | 2.00 |
| 15 | विज्ञापन | 7.00 | 2.49 | 7.00 |
| 16 | अतिथि व्यय / व्यय विख्यापन | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| 17 | अनुरक्षण कार्य | 2.00 | 1.58 | 15.00 |
| 18 | अतिथि व्याख्याता पारिश्रमिक | 17.00 | 16.96 | 48.00 |
| 19 | खेल–कुद एवं सांस्कृतिक किया क्लाप | 3.00 | 2.88 | 5.00 |
| 20 | प्रशिक्षिण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 21 | कम्प्यूटर हार्डवेयर / साफ्टवेयर व्यय | 3.00 | 1.35 | 5.00 |
| 22 | कम्प्यूटर अनुरक्षण / तत्सम्बन्धी स्टेशनरी व्यय | 3.00 | 1.10 | 3.00 |
| 23 | चिकित्सा / औषधि व्यय | 3.00 | 0.21 | 1.00 |
| 24 | छात्रावास संचालन / रख–रखाव व्यय | 0.00 | 0.00 | 5.00 |
| 25 | जनरेटर अनुरक्षण / डीजल व्यय | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 26 | पुस्तकालय | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 27 | स्थानीय निधि लेखा आडिट फीस | 0.00 | 0.00 | 00.00 |
| 28 | इलेक्ट्रीसिटी डिस्ट्रीब्यूशन पैनल का कय | 0.00 | 0.00 | 15.00 |
| 29 | अन्य व्यय (वि0वि0 परीक्षा शुल्क) | 45.00 | 0.00 | 0.00 |
| | योग | **545.10** | **439.62** | **708.75** |
| (ब) | पूँजीगत व्यय | | | |
| 28 | लैबों की साज–सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण / फर्नीचर | **292.86** | **292.86** | **200.00** |
| | योग | **292.86** | **292.86** | **200.00** |

02:04 **वित्तीय वर्ष 2018–19 में वृहद निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निर्माण के लिए रू0 **5878.32** लाख अब तक अवमुक्त/व्यय किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2018–19 मे कोई भी धनराशि उक्त मद में प्राप्त नहीं हुआ है। परियोजना के पुनरीक्षित आगणन रू0 12221.44 लाख का व्यय वित्त समिति से अनुमोदन एवं उच्च विशिष्टियों का विवरण भी मा0 मंत्री परिषद से अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है जिसकी स्वीकृति अभी तक अप्राप्त है। मा0 मंत्री परिषद से पुनरीक्षित आगणन पर स्वीकृति के उपरान्त परियोजना को पूर्ण करने हेतु धनराशि रू0 6343.12 लाख की और आवश्यकता होगी।

**समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।**

02:05 **डी0डी0यू0 परियोजनानन्तर्गत संस्थान में श्रेणी–2 एवं श्रेणी–3 के आवासों के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने का प्रस्ताव।**

दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान में श्रेणी–दो के 04 आवास एवं श्रेणी–तीन के 22 आवासों के निर्माण हेतु रू0 520.56 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त आवासों के निर्माण हेतु योजना के गाइड लाइन्स के अनुसार उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रस्तुत आगणन की धनराशि रू0 520.56 लाख के व्यय की तकनीकी एवं सैद्धांतिक स्वीकृति के सम्बन्ध में वित्त समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आगणन की धनराशि का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण तृतीय पक्ष अजेंसी अथवा विशेषज्ञ से करा लिया जाये। तदोपरान्त प्रशासकीय परिषद (बी0ओ0जी0) से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात कार्यदायी संस्था के पक्ष में कार्यादेश निर्गत किया जाये।

**02.06** **दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि एवं व्यय का विवरण।**

डॉ०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि रू० 10.00 करोड़ के सापेक्ष संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में हुए व्यय के विवरण से वित्त समिति अवगत हुई तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 में बची हुई धनराशि के समय से उपभोग हेतु सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये।

**02:7** **सत्र 2018–19 से पी०एच०डी० छात्रों से ली जाने वाली फीस का निर्धारण**

सत्र 2018–19 से संस्थान में पी०एच०डी० छात्रों से ली जाने वाली फीस के निर्धारण के प्रस्ताव का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा संस्थान में पी0एच0डी0 छात्रों से निम्नानुसार फीस लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया:

| S. No. | Details | 1st Year | After 1st Year |
|---|---|---|---|
| **University Fees (Rs.)** | | | |
| 1. | University Examination Fees* | 7,500 | 7,500 |
| | | | |
| **Institute Fees (Rs.)** | | | |
| 1. | Institute Fees | 25,000 | 25,000 |
| 2. | Caution Money | 5,000 | 0 |
| | **Total Institute Fees** | 30,000 | 25,000 |
| | | | |
| **Course wise Institute Fees (Rs.)** | | | |
| 1. | Course wise Institute Fees | 5,000 per course | |
| | | | |
| **Hostel Fees (For Hostellers) (Rs.)** | | | |
| 1. | Hostel Fees** | 12,000 | 12,000 |

*Fees as decided by AKTU Lucknow to be deposited by students directly to University at the time of submission of examination form.

**02:8 एफ0डी0पी0 / कान्फ्रेन्स / सेमीनार एवं संस्थान की विभिन्न समितियों में प्रतिभागी सदस्यों / विषय विशेषज्ञों का मानदेय एवं सिटिंग चार्ज विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के अन्य संस्थानों की भांति अनुमन्य किये जाने हेतु प्रस्ताव।**

संस्थान में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वर्कशाप / गोष्ठियों, एफ0डी0पी0 एवं विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग करने वाले विशेषज्ञो तथा संस्थान के विभिन्न समितियों के वाहय सदस्यों को प्रति लेक्चर / प्रतिदिन का मानदेय निर्धारण के प्रस्ताव का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा निम्नानुसार मानदये दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गयाः

| कमांक | विशेषज्ञ एवं शिक्षाविद / सदस्य | प्रस्तावित मानदेय प्रति लेक्चर / प्रतिदिन रू0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोफेसर | 3000.00 |
| 2 | औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि जो 05 वर्ष या अधिक का अनुभ रखते हों | 3000.00 |
| 3 | एसोसिएट प्रोफेसर अथवा समकक्ष | 2000.00 |
| 4 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर अथवा समकक्ष | 1500.00 |

**2:09 संस्थान में अर्धनिर्मित दो नग छात्रावासों को पूर्व वर्षों की बचत धनराशि से कियाशील किये जाने का प्रस्ताव।**

संस्थान में अर्धनिर्मित दो नग छात्रावासों को क्रियाशील किये जाने के लिये रू0 415.00 लाख संस्थान की बचत से कार्यदायी संस्था उ0प्र0 निर्माण निगम लि0 को लोन के रूप में दिये जाने के प्रस्ताव का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया। वित्त समिति द्वारा यह निर्देश दिया गया कि परियोजना के पुनरीक्षित आगणन पर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही संस्थान में निर्माण कार्य कराये जायेंगे।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

Srivastava
(प्रो0 नीलम श्रीवासतव)
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

22.04.19
(भुवनेश कुमार, आई0ए0एस0)
अध्यक्ष
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज